# मॉडल पेपर सत्र 2024-2025

## रंजन कला

## कक्षा-12

**समयः- 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांकः-100**

**निर्देशः-** (i) दोनों खण्डों के प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) मुख पृष्ठ सहित ड्राइंग पेपर के ऊपरी सिरे के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों और शब्दों में अवश्य लिखिये तथा अपने कक्ष-निरीक्षक से प्रत्येक शीट में अनुक्रमांक के नीचे हस्ताक्षर कराइये। केन्द्र व्यवस्थापक की हस्ताक्षर युक्त मोहर (Facsimile) अपने प्रत्येक ड्राइंग शीट पर लगवायें।

### खण्ड-'क' (अनिवार्य) 70

### (मानव सिर की प्रतिमा का अंकन)

### (Drawing of Human Head)

(i) अपने समक्ष रखे हुये प्लास्टर आफ पेरिस चीनी मिट्टी या फाइबर निर्मित किसी 'युवा-स्त्री' के सिर की प्रतिमा का किसी भी माध्यम (मीडियम) से एकवर्णी (एक ही रंग से बना) मोनोक्रोम चित्र का अंकन कीजिये। ड्राइंग शीट पर चित्र की लम्बाई 25 सेमी से कम न हो।

चित्र बनाते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दीजियेः

(क) मानव चेहरे के अनुपात एवं भाव के अनुरूप अभिव्यज्जना 30

(ख) प्रकाश, छाया एवं प्रतिच्छाया (त्रिआयामी) का सही प्रयोग 30

(ग) प्रतिमा के पीछे लगे पर्दे पर छाया- प्रकाश व प्रतिच्छाया को भी दर्शाइये। 10

अथवा

### (भारतीय चित्रकारी)

### (Indian Painting)

दिये गये भारतीय चित्र के रेखांकन को दी गयी ड्राइंग शीट पर बड़ा रेखांकित कर चित्रित कीजिये। अनुकृति की माप लम्बाई में 25 से कम न हो।

भारतीय चित्रकारी



अनुमोदित



P.T.O

अनुकृति चित्रित करते समय निम्नांकित बिन्दुओं पर ध्यान दीजियेः

| | |
|---|---|
| (क) सटीक रेखांकन | 20 |
| (ख) अनुरूपता | 15 |
| (ग) प्रभावी रंग योजना एवं सामञ्जस्य | 20 |
| (घ) सम्पूर्ण अभिव्यक्ति एवं फिनिशिंग | 15 |

## खण्ड-'ख' 30

## (चित्र-संयोजन- Pictorial -composition)

(ii) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक को दिये गये ड्राइंग कागज पर चारों तरफ 2 सेमी. का बार्डर बनाकर पूरे पृष्ठ पर चित्र संयोजित कीजिये। चित्र में मानव आकृति को प्रमुखता दीजिये। भारतीय चित्र शैली में चित्र के विषय के अनुकूल पृष्ठभूमि के साथ आकर्षक एवं उपयुक्त रंगों के साथ पूरा कीजियेः

(i) प्रतीक्षारत युवती

(ii) आदर्श परिवार

(iii) रक्षाबन्धन

(iv) खेत की ओर जाता हुआ किसान।

चित्र संयोजन में निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखियेः

| | | |
|---|---|---|
| (i) | लयात्मक चित्रांकन | 5 |
| (ii) | कलात्मक संयोजन | 5 |
| (iii) | रंग योजना | 15 |
| (iv) | सामान्य प्रभाव | 5 |

अथवा

## (भारतीय चित्रकारी का इतिहास) 10

## (History of Indian Painting)

**नोटः- दोनों प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न-Objective Type Questions)

1. निम्नलिखित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिये और अपनी उत्तर-पुस्तिका में क्रमानुसार स्पष्ट लिखियेः

(i) अजन्ता में कुल कितनी गुफायें है?

(क) 20, (ख)22, (ग) 24, (घ) 29

(ii) अजन्ता की गुफा किस राज्य में स्थित है?

(क) मध्य प्रदेश, (ख) महाराष्ट्र, (ग) उत्तर प्रदेश, (घ) बिहार

(iii) उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी कहाँ स्थित है?

(क) लखनऊ, (ख) प्रयागराज, (ग) वाराणसी, (घ) कानपुर

(iv) पंचमढ़ी किस राज्य में स्थित है?

(क) हिमाचल प्रदेश, (ख) उत्तर प्रदेश, (ग) मध्य प्रदेश, (घ) अरूणाचल प्रदेश

(v) उत्तर प्रदेश के किस जिले में प्रागैतिहासिक चित्र मिले है?

(क) आगरा, (ख) मिर्जापुर, (ग) गोरखपुर, (घ) जौनपुर

(vi) असित कुमार हलदार किस कला स्कूल के प्रधानाचार्य थे?

(क) लखनऊ कला स्कूल, (ख) शान्ति निकेतन, (ग) कोलकाता कला विद्यालय, (घ) पटना कला स्कूल

(vii) राजपूत शैली के चित्र किस धर्म पर आधारित है?

(क) बौद्ध धर्म, (ख) जैन धर्म, (ग) हिन्दू धर्म, (घ) इस्लाम धर्म

(viii) राजपूत कला किस राज्य में विकसित हुई?

(क) हरियाणा, (ख) पंजाब, (ग) गुजरात, (घ) राजस्थान

(ix) किशन गढ़ चित्र शैली किस राज्य की है?

(क) राजस्थान, (ख) हिमाचल प्रदेश, (ग) उत्तराखण्ड, (घ) मध्य प्रदेश

(x) महाराजा संसार चन्द्र कौन-सी चित्र शैली के आश्रय दाता है?

(क) गढ़वाल शैली, (ख) कांगड़ा शैली, (ग) जयपुर शैली, (घ) बंगाल शैली

(Xi) राजा रवि वर्मा कहां के चित्रकार थे?

(क) दिल्ली, (ख) मुम्बई, (क) चेन्नई, (घ) ट्रावणकोर

2. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

(i) राजस्थानी चित्रकला की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिये। 10

(ii) संत कलाकार क्षितीन्द्र नाथ मजमूदार जी के वाश शैली के चित्रों की समीक्षा कीजिये। 10

(iii) अजन्ता की चित्रकारी पर संक्षेप में प्रकाश डालिये। 10

(iv) निम्नलिखित में से किन्हीं दो व्यक्तित्वों पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखियेः 2x5

(क) अमृता शेरगिल, (ख) राजा रवि वर्मा, (ग) रामचन्द्र शुक्ल, (घ) रणवीर सक्सेना।